अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि./सम्बद्धता/2023/3500 दिनांक : 04.09.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त सम्बन्धित स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषय : ABACUS-UP पर महाविद्यालय का रजिस्ट्रेशन एवं डाटा की प्रविष्टि किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन के आदेशों के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि./कु.स.का./2023/010 दिनांक 26.08.2023 एवं पूर्व में प्रेषित पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों का ABACUS-UP पोर्टल पर शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन दिनांक 27.08.2023 तक अनिवार्य रूप से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अभी तक उक्त पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है, (सूची संलग्न है) जो कि शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये आदेशों की अवहेलना है, जिस पर शासन द्वारा समीक्षा बैठक में अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में ऐसे समस्त सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वह कल दिनांक 05.09.2023 की सायं 04:00 बजे तक प्रत्येक दशा में अपने महाविद्यालय का ABACUS-UP पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में शासन एवं विश्वविद्यालय के आदेशों की अवहेलना के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है साथ ही वर्तमान सत्र में प्रवेश प्रक्रिया को रोके जाने सम्बन्धी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी।

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार।

भवदीय
04/09/23
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सहायक–कुलसचिव (सम्बद्धता)।
2. प्रभारी, वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. निजी सचिव–कुलपति।
4. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव